# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/7396/2024 दिनांकः 08 नवम्बर, 2024

**शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध**

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–लौह पुरूष 'सरदार वल्लभ भाई पटेल जी' की 148 वीं जयन्ती एवं 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं को आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याः ई–8265/32–जी0एस0/ 2024–XXI, दिनांकः 30 अक्टूबर, 2024 (संलग्न) द्वारा **लौह पुरूष 'सरदार वल्लभ भाई पटेल जी' की 148 वीं जयन्ती** एवं **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** के अवसर पर **विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं को आयोजित** कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि **दिनांकः 11 नवम्बर, 2024 से दिनांकः 14 नवम्बर, 2024** तक उपरोक्त पत्र में वर्णित अधोलिखित प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर कराना सुनिश्चित करें:–

**01. लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकता के विषय पर स्पीच /डिबेट।**
**02. एक पात्रीय नाट्य प्रतियोगिता।**
**03. कविता लेखन।**
**04. निबन्ध लेखन।**
**05. देशभक्ति गीत (एकल)।**

उक्त प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन **विश्वविद्यालय स्तर** पर निम्न विवरणानुसार किया जाना है:–

| क्र. | प्रतिस्पर्धाओं का नाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकता के विषय पर स्पीच /डिबेट। | 19 नवम्बर, 2024 |
| 2 | एक पात्रीय नाट्य प्रतियोगिता। | 20 नवम्बर, 2024 |
| 3 | कविता लेखन एवं निबन्ध लेखन। | 21 नवम्बर, 2024 |
| 4 | देशभक्ति गीत (एकल)। | 22 नवम्बर, 2024 |

सूच्य है कि **विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित उपरोक्त प्रतिस्पर्धाओं में महाविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतिस्पर्धाओं के प्रथम विजेता द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जिसमें प्रतिभाग हेतु पंजीकरण गूगल फार्म के माध्यम से दिनांकः 15 नवम्बर, 2024 से कराया जायेगा।**

**अतः** आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त **प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) की सूची** एवं **कार्यक्रम से सम्बन्धित जियों टैगिंग फोटो तथा वीडियों** संरक्षित रखें, जिससे भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा माँगे जाने पर सुगमता से उपलब्ध कराया जा सके।

***नोटः– उक्त प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन के सम्बन्ध में डॉ0 मनोज कुमार, समन्वयक, मो0– 8920326458 से सम्पर्क स्थापित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।***

**संलग्नक–यथोक्त।**

8/11/24
डॉ0(मनोज कुमार)
समन्वयक

(एस0एल पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. समन्वयक–एन0एस0एस0/एन0सी0सी0, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को उपरोक्तानुक्रम में यथोचित कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रेषित।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, **ई–मेल**

लखनऊ–226027

पत्रांकः ई– 8265 / 32–जी0एस0 / 2024–XXI
दिनांकः 30 अक्टूबर, 2024

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1– कुलपति
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2– कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

विषयः लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 148वीं जयन्ती एवं "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में गतिविधियॉ संचालित कराये जाने विषयक।

महोदय / महोदया,

कृपया लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 148वीं जयन्ती एवं "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रदेश स्तर पर निम्नानुसार गतिविधियॉ संचालित करने के निदेश सक्षम स्तर से प्राप्त हुए हैं।

1. सभी विश्वविद्यालयों को भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर 06 समूहों में निम्नानुसार विभाजित किया गया हैः–

| समूह–1 | समूह– 2 |
|---|---|
| 1 डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।<br>2.चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।<br>3.सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।<br>4.महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।<br>5.राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ।<br>6.मॉ0 शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर। | 1.पं0दीन दयाल उपा0पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा।<br>2.छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।<br>3.चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर।<br>4.हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।<br>5.बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी। |
| **समूह–3** | **समूह–4** |
| 1.पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।<br>2.मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।<br>3.महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर।<br>4.सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर। | 1.वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।<br>2.सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।<br>3.महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी ।<br>4.जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया। |

30/X/24

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| 5.आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या।<br>6.डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या । | 5.बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा।<br>6.महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़। |
| समूह–5 | समूह–6 |
| 1.प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।<br>2.उत्तर प्रदेश राजर्षि टंण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।<br>3.भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ<br>4.डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।<br>5.डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।<br>6.अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ। | 1.लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।<br>2.डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।<br>3.किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ<br>4.संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।<br>5.ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

2. प्रत्येक समूह में प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रों में निम्न प्रकार प्रतिस्पर्धाएं 03 स्तर पर की जायेंगी:–

   (क) प्रथम स्तर– सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्तर पर (एवं Stand alone विश्वविद्यालयों के स्तर पर)।

   (ख) द्वितीय स्तर– 06 विश्वविद्यालयों के समूहों के स्तर पर।

   (ग) तृतीय स्तर– प्रदेश स्तर पर पृथक–पृथक 06 समूहों से चिन्हित विजेताओं के मध्य।

3. इस अवसर पर आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धाएं निम्नवत् होगी:–

   1.लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकता के विषय पर स्पीच/डिबेट

   2.एक पात्रीय नाट्य प्रतियोगिता

   3.कविता लेखन

   4.निबन्ध लेखन

   5.देश भक्ति गीत (एकल)

4. प्रतिस्पर्धा के विभिन्न चक्र निम्नानुसार होगे:–

   (क) प्रथम चक्र–सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्तर पर आयोजित होगा व उनके विजेताओं के मध्य विश्वविद्यालय स्तर पर प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के एक(1) विजेता विश्वविद्यालय स्तर पर घोषित किये जायेंगे Stand alone विश्वविद्यालय के स्तर पर।

   (ख) द्वितीय चक्र–06 विश्वविद्यालयों के समूह में प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक प्रतिस्पर्धा में चिन्हित विजेताओं के मध्य प्रतिस्पर्धा होगी। 06 विश्वविद्यालय समूह में की जाने वाली प्रतिस्पर्धा में प्रत्येक समूह में प्रत्येक प्रतिस्पर्धा हेतु 03 ( प्रथम, द्वितीय व तृतीय ) विजेता घोषित किये जायेंगे। (उदाहरणस्वरूप–भाषण की प्रतिस्पर्धा के प्रत्येक समूह में प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता घोषित किये जायेंगे। इसी प्रकार प्रदेश स्तर पर भाषण प्रतिस्पर्धा में कुल 06 समूह के 18 प्रतिस्पर्धी )

30/10/24

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

(ग) तृतीय चक्र–उत्तर प्रदेश राजभवन में दिनांक 15.12.2024 को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्य तिथि के अवसर पर प्रदेश स्तरीय प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगी। इस प्रतिस्पर्धा में प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के कुल 18 सहभागी /प्रतिस्पर्धी होंगे। 05 विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के कुल 90 छात्रों के मध्य राजभवन में इन प्रतिस्पर्धाओं (जैसा उक्त प्रस्तर–3 में अंकित है) को आयोजित किया जायेगा, जिसकी अध्यक्षता मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा की जायेगी ।

5. ऐसे Stand alone विश्वविद्यालय (जिनके पास कोई सम्बद्ध महाविद्यालय नहीं हैं) के स्तर पर प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के विजेता को चिन्हांकित किया जायेगा।
6. लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 148वीं जयन्ती एवं "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले छात्रों का रजिस्ट्रेशन दिनांक 31.10.2024 से आरम्भ होगा।
7. इसी प्रकार स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती 12 जनवरी, 2025 "राष्ट्रीय युवा दिवस" एवं बिरसा मुण्डा जी की जयंती 15 नवम्बर, 2024 के अवसर पर भी प्रतिस्पर्धाएं आयोंजित की जायेंगी।

कृपया कुलपति/कुलसचिव समन्वय स्थापित कर के उपर्युक्तानुसार अपने–अपने विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में तद्नुसार गतिविधियाँ संचालित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

30/10/24

(डा0 सुधीर एम0 बोबडे)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with CamScanner